राष्ट्रीय एकता और हिंदी भाषा पुस्तक का किया गया विमोचन

- पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने लिखी है यह पुस्तक
- यूटीयू के डैशबोर्ड का लोकार्पण व यूकास्ट की काफी टेबल बुक का भी किया विमोचन

राज्य ब्यूरो, जागरण • देहरादून: राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा लिखित पुस्तक राष्ट्रीय एकता और हिंदी भाषा का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उत्तराखंड यूनिवर्सिटी कनेक्ट डैशबोर्ड का लोकार्पण और यूकास्ट द्वारा प्रकाशित काफी टेबल बुक एडवेंट आफ एडवांस्ड एडमिनिस्ट्रेटिव इंटेलीजेंस का भी विमोचन किया।

मंगलवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि हिंदी भारत की आत्मा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक भी है। हिंदी आत्मीयता की भाषा के साथ भारतीय संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है। उन्होंने पुस्तक के लेखन और हिंदी को देश-विदेश में प्रचारित करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री निशंक को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री निशंक ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा है। हिंदी में ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान समाहित है। उन्होंने कहा कि यह हमें एक सूत्र में पिरोती है। देश की आजादी में हिंदी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश के विश्व गुरु बनने का रास्ता हिंदी से होकर ही गुजरता है।

यूटीयू द्वारा विकसित डैशबोर्ड का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह डैशबोर्ड और एप सभी राज्य विश्वविद्यालयों के बारे में जानकारी साझा करने और उनके साथ राजभवन के बीच संचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में यूकास्ट के निदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने काफी टेबल बुक के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति भदौरिया, डा योगेंद्र नाथ अरुण, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल, कुलपति श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय प्रो एनके जोशी, कुलपति आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रो अरुण कुमार त्रिपाठी व कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो दिनेश चंद्र शास्त्री समेत विभिन्न कालेजों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उत्तराखंड की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com